


# जल गंगा संवर्धन अभियान में बावड़ी की सफाई की

**उज्जैन। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया के बिछड़ोद सेक्टर के ग्राम रुणजी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वर्ष 1614 ईसवी में निर्मित परिहार वंश की प्राचीन बावड़ी (चोपड़ा) में श्रमदान कर साफ-सफाई की गई।**



इसके पूर्व ग्राम में स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित चौपाल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घट्टिया गुमान सिंह मुजाल्दे ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण समाज की सहभागिता से ही संभव है। वर्तमान समय में भूमिगत जल का स्तर तेजी से कम होता जा रहा हैं और हमारी आने वाली पीढ़ियों को जल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए यदि हम अभी से जागरूक नहीं हुए तो जल संकट की स्थिति भयावह होने वाली है।समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस समस्या से निपटने के लिए आगे आना होगा और गांव के सभी जल स्त्रोतों की सफाई, गहरीकरण एवं वर्षा जल को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। जिला समन्वयक जय दीक्षित द्वारा उपस्थित ग्रामीणों से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में सहयोग करने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा ग्राम में रैली निकाल कर जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक मोहन सिंह परिहार, जनपद पंचायत घट्टिया के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रितेश सोनी, सरपंच प्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह पंवार, उपसरपंच सुमेर सिंह परिहार,सचिव दिनेश परमार, रोजगार सहायक राधेश्याम मालवीय, हेमेंद्र पाटीदार, रचना शर्मा, चेतना यादव, अजय मालवीय, राजेश मालवीय, सुरेश चंद्र द्विवेदी, रितेश श्रोत्रिय, शिवजीत सिंह सोलंकी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# डॉ. अम्बेडकर की रथ यात्रा का महिदपुर में स्वागत



**महिदपुर।** महिदपुर शहर में बिरसा अंबेडकर फुले समाज कल्याण समिति अजाक संगठन और अन्य सहयोगी संगठन द्वारा बाबा साहब की रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा में बाबा साहब की प्रतिमा पर जगह जगह माल्यार्पण किया गया।

बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति द्वारा रथ यात्रा के स्वागत सम्मान के लिए दो जगह मंच बनाया गया। बाबा साहब की प्रतिमा स्थल एवं पुराना बस स्टैंड विजय स्तंभ के पास। तत्पश्चात रथ यात्रा नारायणा रोड स्थित डॉ. बीआर अम्बेडकर मांगलिक भवन पहुंची। जहां समिति के सदस्यों ने रथ यात्रा में उपस्थित अजाक के जिला अध्यक्ष रतनलाल परमार और उनके साथियों का सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष रतनलाल परमार और उनके साथ बाबूलाल थावलिया नारायण चौहान, विजय सूर्यवंशी, रमेश देवड़ा, गिरधर मालवीय, रमेशचंद सूर्यवंशी, विक्रम सिंह सोलंकी, दर्यावसिह गेहलोत, मोहनलाल सूर्यवंशी, उपस्थित सभी प्रबुद्धजन ने बाबा साहब के छाया चित्र पर माल्यर्पण किया गया। अजाक जिला अध्यक्ष ने बाबा के विचारों पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में समाज सेवी बाबूलाल थावलिया ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए समता समानता और समरसता की बात रखी। बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति ओर अजाक संगठन की ओर से आभार तहसील अध्यक्ष बी एल परमार द्वारा माना गया।

## एक नजर में

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल मंदिर का शुभारंभ



**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड खाचरौद नवांकुर सेक्टर उन्हेल में ग्राम सरवना उन्हेल में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री एवं नवांकुर संस्था अध्यक्ष जितेंद्र पांचाल ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई व ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण एवं पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरवना के सरपंच कालूसिंह चंद्रवंशी पंचायत सचिव मुकेश वर्मा, नवांकुर संस्था सचिव कमलदास बैरागी, नवांकुर संस्था सदस्य कमलसिंह गुर्जर, मानसिंह प्रजापत, विष्णु गुर्जर, बालूसिंह गुर्जर आदि उपस्थित रहें।

### चोर के साथ आभूषण जब्त करने पर सर्राफा एसोसिएशन ने पुलिस का किया सम्मान

**नागदा।** सराफा एसोसिएशन नागदा द्वारा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी एवं उनकी टीम के द्वारा व्यापारी प्रकाश गांधी के यहां हुई चोरी का माल जब्त कर आरोपी को पकड़े जाने पर शनिवार को सराफा एसोसिएशन के सदस्यो ने पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। सराफा एसोसिएशन ने बताया कि हमारे एसोसिएशन के सदस्य प्रकाशचन्द्र गांधी के यहां विगत दिनों दिन दहाडे 4 लाख 60 हजार चांदी के आभूषण की चोरी की घटना हुई थी तथा आरोपी का पता लगाने हेतु पुलिस थाना नागदा द्वारा विशेष प्रयास किये जाने पर आरोपी को सम्पूर्ण माल सहित पकड़ा जिसके लिये सराफा एसोसिएशन नागदा ने शनिवार को पुलिस थाना पहुंचकर थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी एवं पूरी टीम को विशेष सहयोग के लिये उनको धन्यवाद प्रेषित करते हुए उनका स्वागत किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कमलेश नागदा, झमक राठी, प्रकाश सोनी, अंकित सोनी, रितेश नागदा, सोनु वागरेचा, योगेश सोनी, दिपक सोनी, दिपक सोनी रामपुरावाला, बादल सोनी, रवि सोनी सहित अन्य सराफा व्यापारी उपस्थित रहे।

### शिक्षक दिवस पर स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा पर चतुर्थ वेतनमान देने की कि थी घोषणा...

**खाचरौद।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 5 सितंबर 2025 शिक्षक दिवस पर प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों, सहायक शिक्षकों को 12, 24 और 30 वर्ष की सेवा के बाद मिलने वाले लाभ के साथ अब 35 वर्ष कि निरंतर सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को (फोर्थ टाइम स्केल) चतुर्थ वेतनमान का लाभ दिए जाने की घोषणा की थी।उसमें 1 जुलाई 2023 से देने का कोई उल्लेख ही नहीं था। सरकार की सात माह पूर्व की गई घोषणा एवं जारी आदेश में जमीन आसमान का अंतर है। मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि आपके द्वारा 5 सितंबर 2025 को यह घोषणा की थी कि जिन शिक्षकों की 35 वर्ष की सेवा पूर्ण हो गई है।उन्हें चतुर्थ वेतनमान दिया जाएगा।उस वक्त माह एवं वर्ष का कहीं उल्लेख नहीं था गत दिनों जारी आदेश में 1 जुलाई 2023 का उल्लेख किया है कि यह नया वेतनमान इस तारीख से लागू होगा जो हजारों शिक्षकों के साथ अन्याय है। चतुर्वेदी ने बताया कि सरकार का निर्णय 12,24,30 वर्ष की सेवा जिस दिनांक एवं वर्ष को पूर्ण होगी।उसी दिनांक व वर्ष से क्रमोन्नत वेतनमान दिया जा रहा है तो फिर 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के वर्ष अनुसार ही चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान भी दिया जाना चाहिए था।जारी आदेश में 1 जुलाई 2023 से लाभ दिए जाने का निर्णय सर्वथा अनुचित है। चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री से उक्त आदेश पर गंभीरता पूर्वक पुनर्विचार कर संशोधित आदेश ( 35 वर्ष की सेवा जब भी पूर्ण हुई हो उस आधार को) जारी करने का अनुग्रह किया है अन्यथा संगठन न्यायालय की शरण में जाएगा।

### मधुमेह और मोटापे से मुक्ति के लिए शिविर

**इंदौर.** मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से मुक्ति एवं राहत दिलाने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत पांचवा शिविर 4-5 अप्रैल को एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ पर सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा. शिविर की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के रहवासियों की बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया. अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर की तैयारियों को लेकर शहर के पूर्वी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख रहवासियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ लेने के लिए समाज के ज्यादा से ज्यादा बंधुओं को प्रेरित कर शिविर में लाया जाए, ताकि समय रहते उन्हें समुचित चिकित्सा एवं परामर्श का निशुल्क लाभ मिल सके. अब तक अन्नपूर्णा मंदिर, अग्रसेन भवन, आनंद नगर एवं आंचल नगर में सम्पन्न हो चुके चारों शिविरों में करीब 4600 समाज बंधुओं ने 32 तरह की निशुल्क जांचों का लाभ उठाया है. दिव्य शक्ति पीठ पर शुक्रवार को सम्पन्न हुई बैठक में शिविर संयोजक किशोर गोयल, गणेश गोयल, केके गोयल, रमेश बंसल, नितेश बंसल, नीरज गोयल, निर्मल सिंघल, शैलेन्द्र अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, संदीप गर्ग, प्रमोद अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, सत्तू अग्रवाल, ललित अग्रवाल, डॉ. राकेश अग्रवाल एवं सुश्री साक्षी नीरज गोयल सहित क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने समाज बंधुओं से आग्रह किया कि वे समाज को मधुमेह एवं मोटापे से मुक्त बनाने के पवित्र संकल्प के साथ चलाए जा रहे इस अभियान का ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर स्थल पहुंचकर लाभ उठाएं.

# सरकारी अधिकारी ने दिए छात्रों के प्रश्नों के जवाब

**घट्टिया।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्कूल चलें अभियान के अंतर्गत शनिवार को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टिया में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा ने अधोसंरचना व पढ़ाई की स्थिति का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए व उन्हें अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव सुनाए व भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ वैचारिक व व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी है। साथ ही कहा कि परिस्थितियों के अनुरूप ढलकर समय का सदुपयोग कर उत्तम भविष्य का निर्माण करें। कार्यक्रम में मॉडल स्कूल प्राचार्य अनिल केन सहित शिक्षक-छात्र उपस्थित थे। संचालन डॉ. साधना खराड़ी ने किया।




# सांदीपनि विद्यालय में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित

**घट्टिया।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय घट्टिया में शनिवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरआर करजरे, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह सोलंकी, विशेष अतिथि युवा नेता पंकज रावल थे।

अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामलाल सतीज़ा ने की। अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन करते हुए दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देते हुए भविष्य को संवारने के लिए पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का मार्गदर्शन दिया। संस्था प्राचार्य सुनील नामदेव ने स्वागत भाषण देते हुए भविष्य से भेंट कार्यक्रम की जानकारी दी। संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक बिंदुबाला पटेल ने किया। आभार शिक्षक डॉ. रामलगन पटेल ने माना।



# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर डॉ. भल्ला का किया सम्मान



घट्टिया। मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक और कर्मचारी (पुरुष, महिला) खेल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय, सागर में किया गया। इसमें अंडर 50 आयु वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय घट्टिया की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. श्वेता भल्ला ने करते हुए रजत पदक जीतकर महाविद्यालय व संभाग को गौरवान्वित किया। डॉ. भल्ला की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद व स्टाफ ने डॉ. श्वेता भल्ला का स्वागत सम्मान किया।

# एनएसयूआई ने रक्तदान शिविर लगाकर जरूरतमंदों की मदद का लिया संकल्प



**उज्जैन।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा 55वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम 9 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे।

स्थापना उत्सव के द्वितीय दिवस पर उज्जैन जिले के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र नेता अखलेश अस्तेय की उपस्थिति में सभी छात्रों को जरूरत के समय रक्तदान करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दीपेश जैन उपस्थित रहे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थापना दिवस के अवसर पर जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और संगठन को मजबूत बनाना रहा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष सोहेल जैदी, अभिजीत बैरागी, एनएसयूआई आईटी सेल जिला अध्यक्ष अमन रघुवंशी, बिट्टू चौकसे, ऋषभ यादव, करण मालवीय सहित अन्य छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर — महिला परिषद अवंति उज्जैन का पदारोहण समारोह

# समन्वय और समता ही प्रगतिशील संस्थाओं की पहचान : प्रभा जैन

- रूपल शाह अध्यक्ष, आभा शाह सचिव और वंदना सेठी बनीं कोषाध्यक्ष

**उज्जैन। प्रगतिशील संस्थाओं की पहचान अलग ही होती है, जो समन्वय एवं समता के साथ सभी को साथ लेकर सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती हैं। यह विचार अखिल भारतीय महिला परिषद की केंद्रीय सचिव प्रभा जैन (इंदौर) ने महिला परिषद अवंति उज्जैन के पदारोहण समारोह में शपथ अधिकारी के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने अवंति शाखा को परिषद की सबसे सक्रिय शाखा बताते हुए सभी सदस्यों को बधाई दी।**




**शपथ ग्रहण और संकल्प:** समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए नव नियुक्त अध्यक्ष रूपल शाह, सचिव आभा शाह और कोषाध्यक्ष वंदना सेठी को प्रभा जैन ने शपथ दिलाई।इसके साथ ही 10 विभागों में विभक्त मंत्रिमंडल को सदा सक्रियता बनाए रखने और अध्यक्ष को तन, मन, धन से सहयोग करने का संकल्प भी दिलाया गया।

**निगमाध्यक्ष ने की सेवा कार्यों की सराहना:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगमाध्यक्ष कलावती यादव उपस्थित रहीं।उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए शहर एवं समाज के विकास के लिए महिला परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

**लघु नाटिका और प्रतिवेदन प्रस्तुति:** कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण से हुआ। कविता कासलीवाल एवं आयुषी जैन ने ज्वलंत विषय पर रोचक तरीके से हाउजी का आयोजन कराया। समारोह में वर्तमान समय में लड़कियों को पढ़ाई के लिए देश-विदेश भेजने के गुण-दोषों तथा उन्हें बाहर भेजने से पूर्व संस्कार देने के विषय पर एक शिक्षाप्रद लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।स्वागत भाषण मंजूषा गंगवाल ने दिया।सचिवीय प्रतिवेदन नीतू लुहाड़िया ने प्रस्तुत किया और आय-व्यय की जानकारी वर्षा कासलीवाल ने दी।

### ध्वजवंदन, कलश स्थापना और अतिथियों का स्वागत

समारोह में ध्वजवंदन स्नेहलता सोगानी ने किया। मंगल कलश की स्थापना आशा, अंजलि, मयूरी पाटनी एवं रश्मि कासलीवाल ने की। वहीं, जिनवाणी विराजमान करने का सौभाग्य ज्योति जैन, दीपाली झंझरी, सोनल राहुल शाह, सरिता अर्चना छाबड़ा और अलका मीना शाह को मिला। अतिथियों का स्वागत मधु कोठारी, नीता धवल, नीलम पंड्या, उषा कासलीवाल, मोनिका सेठी, अनिता झंझरी, संगीता सोगानी, स्नेहलता विनायका, पुष्पा बज, मीना एकता, भावना बड़जात्या और प्रतिभा कासलीवाल ने किया। समारोह का सफल संचालन कविता मंगलम एवं रीटा पाटनी ने किया। अंत में आभार सचिव आभा शाह ने माना।

